# ई-ऑफिस में दक्ष बनें अधिकारी-कर्मचारी, नहीं तो रुकेगा वेतन : जेपी

## संभागीय उपायुक्त ने लिया व्यवस्थाओं का जायजा, छात्रावासों में अव्यवस्थाएं मिलने पर कारण बताओ नोटिस जारी



नवभारत न्यूज

**सीधी 18 फरवरी। रीवा संभाग के संभागीय उपायुक्त जनजातीय कार्य विभाग जे.पी. यादव ने जिले के भ्रमण के दौरान सहायक आयुक्त कार्यालय में अधिकारियों एवं कर्मचारियों की बैठक लेकर कार्यप्रणाली की समीक्षा की। बैठक में उन्होंने अधिकारियों-कर्मचारियों के कम्प्यूटर ज्ञान का परीक्षण किया।**

परीक्षण में पाया गया कि अधिकांश कर्मचारी अपना कार्य स्वयं कम्प्यूटर पर करने में दक्ष नहीं हैं। इस पर उन्होंने निर्देश दिए कि आगामी दो माह के भीतर सभी संबंधित कर्मचारी अनिवार्य रूप से कम्प्यूटर प्रशिक्षण प्राप्त कर ई-ऑफिस प्रणाली में दक्षता हासिल करें। उन्होंने स्पष्ट कहा कि वर्तमान समय में समस्त शासकीय कार्य ई-ऑफिस प्रणाली से संचालित हो रहे हैं, अत: तकनीकी दक्षता अनिवार्य है। निर्धारित समयावधि के बाद प्रशिक्षण न लेने अथवा ई-ऑफिस प्रणाली से कार्य न करने वाले अधिकारी/कर्मचारियों के विरुद्ध कार्य नहीं, वेतन नहीं के सिद्धांत के तहत वेतन रोके जाने की कार्रवाई की जा सकती है। साथ ही सभी की समय पर उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए ई-अटेंडेंस दर्ज करने तथा कार्य का युक्तिसंगत एवं सुव्यवस्थित विभाजन करने के निर्देश भी दिए गए। निरीक्षण के दौरान अंग्रेजी बालक आश्रम में गंदगी, अभिलेखों का अव्यवस्थित एवं विलंबित संधारण तथा पंखों के खराब पाए जाने पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त की और छात्रावास अधीक्षक को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया। कन्या शिक्षा परिसर कुसमी में निरीक्षण के दौरान पाया गया कि रोटी मेकर मशीन का उपयोग न कर लकड़ी के चूल्हे पर भोजन तैयार किया जा रहा था। अभिलेख अद्यतन एवं व्यवस्थित नहीं पाए गए तथा छात्राओं के पालकों द्वारा लाने-ले जाने संबंधी आवेदन व अभिलेख भी उपलब्ध नहीं थे। इस पर अधिक्षिका के कार्य पर असंतोष व्यक्त करते हुए उन्हें भी कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया। इसके पश्चात जनपद सभाकक्ष में ब्लॉक के समस्त छात्रावास अधीक्षकों की बैठक लेकर व्यवस्थाओं की विस्तार से समीक्षा की गई तथा आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। भ्रमण के दौरान कन्या शिक्षा परिसर के प्राचार्य पी.के. पाण्डेय एवं मंडल संयोजक सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### उपायुक्त ने व्यवस्थाओं के संबंध में की चर्चा

भ्रमण के दौरान उपायुक्त जनजातीय कार्य विभाग जे.पी. यादव ने एकलव्य विद्यालय टंसार पहुंचकर शिक्षकों एवं छात्राओं से शैक्षणिक गतिविधियों एवं व्यवस्थाओं के संबंध में चर्चा की। इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य रामपाल सिंह उपस्थित रहे। उन्होंने मंगलवार रात्रि 8 .30 बजे अंग्रेजी बालक आश्रम कुसमी तथा बुधवार प्रात: कन्या शिक्षा परिसर कुसमी का आकस्मिक निरीक्षण किया।

# किसानों पर ट्रेड डील से संभावित संकट के लिए कोई उपाय नहीं : अजय

## पूर्व नेता प्रतिपक्ष ने बजट पर दी प्रक्रिया



नवभारत न्यूज

**सीधी 18 फरवरी। पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं चुरहट विधायक अजय सिंह ने कहा है कि मध्यप्रदेश सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट में दूर दृष्टि का अभाव है। खासकर किसानों के लिए कुछ नहीं है। सरकार कह रही है कि पीएम के सपनों को साकार करने वाला बजट है लेकिन यह नहीं बता रही है कि अभी हाल ही में अमेरिका के साथ जो ट्रेड डील का ड्राफ्ट तैयार किया है उसके लागू होने पर किसानों पर जो संकट आने वाला है उसके लिए क्या उपाय किए गए हैं।**

बांग्लादेश जो अब भारत की बजाय अमेरिका से सूत और रेयान खरीदने जा रहा है उससे कपास उत्पादक किसानों को जो घाटा होने वाला है उससे मध्य प्रदेश भी अछूता नहीं रहेगा। इस संभावित खतरे से निपटने के लिए कोई योजना नहीं है। सबसे आश्चर्य की बात यह है कि हर उपज को दाम का नारा देने वाली सरकार ने एमएसपी पर एक शब्द भी नहीं कहा है कि कहां से वाजिब दाम देंगे। एमएसपी पर बोनस देने की कोई घोषणा बजट में नहीं है। अजय सिंह ने कहा कि सरकार ऊंची ऊंची बातें करने में माहिर है। वित्त मंत्री कहते हैं कि प्रजा के सुख में ही राजा का सुख है, लेकिन बजट से ऐसा लगता है कि यहां का राजा तो प्रजा को दुखी करके सुख का अनुभव कर रहा है।

वित्तमंत्री ने कहा कि हमारा प्रदेश दाल उत्पादन में प्रथम है लेकिन दाल मिले बंद हो रही हैं इसके लिए बजट में कोई प्रावधान नहीं है। कर्ज के दल-दल में धंसता प्रदेश ही बजट का सबसे काला पक्ष है। कुल कर्ज 5 लाख करोड़ पार करने की दिशा में है। बजट का बड़ा हिस्सा केवल ब्याज चुकाने में ही जा रहा है। श्री सिंह ने कहा कि प्रदेश में स्कूल भवनों की हालत बहुत जर्जर है उनकी मरम्मत के लिए जो राशि रखी गई है वह ऊंट के मुंह में जीरा है। हजारों स्कूल बंद हो चुके हैं और कई बंद होने की कगार पर हैं। ऐसा लगता है कि सरकार इनका संचालन सरस्वती शिशु मंदिर को देना चाहती है, यही हाल आंगनबाड़ियों के भवनों का भी है। प्रदेश में नए मेडिकल कॉलेज तो खोल दिए गए हैं और सीटें भी लगातार बढ़ाई जा रही हैं लेकिन स्टाफ की कमी को दूर करने के लिए कोई योजना नहीं है। जब पढ़ाने वाले ही नहीं हैं तो डॉक्टर कैसे तैयार होंगे। सरकारी अस्पतालों के इंफ्रास्ट्रक्चर के सुधार के लिए भी पर्याप्त राशि बजट में नहीं रखी गई है।

उन्होंने कहा कि करोड़ों रुपए खर्च करके सरकार हर साल इन्वेस्टर्स मीट करती है लेकिन जमीन पर सब शून्य है। बजट में इंडस्ट्रियल एरिया और आईटी पार्क का प्रावधान तो है लेकिन अभी तक सरकार ने यह नहीं बताया कि एमओयू के बाद कितने उद्योग आये और कितनों को रोजगार मिला। कुल मिलाकर यह बजट दिशाहीन है और वास्तविक जरूरत के हिसाब से नहीं बनाया गया है, इसमें कोई विजन नहीं है।



# कक्षा-पांचवीं एवं आठवीं की बोर्ड पैटर्न परीक्षा कल से

नवभारत न्यूज

**सीधी 18 फरवरी। मध्यप्रदेश शासन के राज्य शिक्षा केन्द्र के आदेशानुसार तथा कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी के निर्देशन एवं जिला शिक्षा केन्द्र के मार्गदर्शन में कक्षा पांचवीं एवं आठवीं की बोर्ड पैटर्न परीक्षा 20 फरवरी से 28 फरवरी तक आयोजित की जाएगी।**

कुसमी विकासखंड में यह परीक्षा 45 परीक्षा केन्द्रों पर संपन्न होगी। इन केन्द्रों में 219 स्कूलों के कुल 3816 विद्यार्थी शामिल होंगे, जिनमें कक्षा पांचवीं के 2125 एवं कक्षा आठवीं के 1691 विद्यार्थी सम्मिलित हैं। प्रश्नपत्रों के सुरक्षित संधारण, वितरण एवं उत्तर पुस्तिकाओं के संकलन हेतु जनशिक्षा केन्द्रों को इकाई बनाया गया है। प्रतिदिन केन्द्राध्यक्ष अथवा सहायक केन्द्राध्यक्ष द्वारा जनशिक्षा केन्द्र से प्रश्नपत्र प्राप्त किए जाएंगे तथा परीक्षा समाप्ति के तुरंत बाद उत्तरपुस्तिकाएं संकलन केन्द्र (जनशिक्षा केन्द्र) में जमा कराई जाएंगी।

बीआरसीसी अंगिरा प्रसाद द्विवेदी ने बताया कि ब्लॉक स्तर पर सभी केन्द्राध्यक्षों एवं सहायक केन्द्राध्यक्षों की विशेष बैठक एवं प्रशिक्षण आयोजित कर सुव्यवस्थित परीक्षा संचालन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। विद्यार्थियों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए संस्था प्रमुखों द्वारा प्रवेश पत्र वितरित कर अभिभावकों को परीक्षा तिथियों की जानकारी दी गई है। परीक्षा की संपूर्ण व्यवस्था एवं निगरानी के लिए विकासखंड स्तर पर परीक्षा समिति गठित की गई है तथा कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है।

जनपद शिक्षा केन्द्र स्तर पर स्थापित कंट्रोल रूम में रमेश तिवारी डाटा एंट्री ऑपरेटर एवं सुदामा प्रसाद पटेल मोबाइल स्रोत सलाहकार को प्रभारी नियुक्त किया गया है। साथ ही प्रतिदिन निरीक्षण एवं मॉनिटरिंग के लिए जनशिक्षा केन्द्र स्तर पर एक-एक दल गठित किया गया है, जो परीक्षा केन्द्रों का सतत निरीक्षण करेंगे।

# बजट सिर्फ आंकड़ों की बाजीगरी, और कर्ज में डूबेगा मध्य प्रदेश : ज्ञान



नवभारत न्यूज

**सीधी 18 फरवरी। मध्य प्रदेश सरकार द्वारा प्रस्तुत वर्तमान बजट पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए मध्य प्रदेश की जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ज्ञान सिंह ने इसे जनता से विश्वासघात करने वाला, दिशाहीन और जन विरोधी बजट करार दिया है।**

उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव से पूर्व भारतीय जनता पार्टी ने प्रदेश की जनता से जो बड़े वादे किए थे वे ढाई वर्ष बीत जाने के बाद भी केवल घोषणाओं तक सीमित हैं। वित्त मंत्री के बजट भाषण में किसानों, महिलाओं और आम उपभोक्ताओं से किए गए प्रमुख वादों का उल्लेख तक नहीं किया गया। जिससे स्पष्ट है कि सरकार अपनी प्रतिबद्धताओं से पीछे हट चुकी है। ज्ञान सिंह ने कहा कि चुनाव के समय किसानों से धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य 3100 रुपये प्रति क्विंटल तथा गेंहू का 2700 रुपये प्रति क्विंटल देने का वादा किया गया था किन्तु बजट में इसके लिए कोई ठोस प्रावधान नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि बढ़ती लागत, महंगे बीज, खाद और डीजल की कीमतों से जूझ रहे किसानों को राहत देने के बजाय सरकार ने उन्हें निराश किया है। इसी प्रकार लाड़ली बहन योजना अंतर्गत महिलाओं को प्रतिमाह 3000 रुपये देने तथा 450 रुपये में घरेलू गैस सिलेण्डर उपलब्ध कराने का वादा भी बजट में स्पष्ट रूप से दिखाई नहीं देता।

उन्होंने कहा कि नारी सशक्तिकरण और महंगाई राहत के नाम पर किए गए ये वादे अब केवल चुनावी जुमले साबित हो रहे हैं। जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने प्रदेश की वित्तीय स्थिति पर भी गंभीर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा भारी मात्रा में कर्ज लिया गया है और बजट का बड़ा हिस्सा केवल पुराने कर्ज के ब्याज और मूलधन की अदायगी में खर्च हो रहा है। यह स्थिति अत्यंत चिंताजनक है कि विकास और जनकल्याण की योजनाओं पर खर्च करने के बजाय सरकार को कर्ज चुकाने में बड़ी राशि लगानी पड़ रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश पर बढ़ता कर्ज आर्थिक कुप्रबंधन का परिणाम है और इसका बोझ अंतत: प्रदेश की जनता पर ही डाला जा रहा है। ज्ञान सिंह ने कहा कि यह विडम्बना है कि मध्य प्रदेश का वार्षिक बजट उस कुल कर्ज से भी कम है जो प्रदेश पर चढ़ चुका है। इससे स्पष्ट होता है कि सरकार ने वित्तीय अनुशासन और संसाधनों के समुचित प्रबंधन पर ध्यान नहीं दिया। यदि यही स्थिति बनी रही तो आने वाले समय में विकास कार्य और अधिक प्रभावित होंगे तथा जनता को बुनियादी सुविधाओं के लिए भी संघर्ष करना पड़ेगा।

# गोपालदास मंदिर में श्री हनुमान चालीसा पाठ का हुआ संकल्प



नवभारत न्यूज

**सीधी 18 फरवरी। गोपाल दास मंदिर में 17 फरवरी मंगलवार को रात्रि 8:30 पर विशाल हनुमान चालीसा हुआ। हर मंगलवार को सामूहिक हनुमान चालीसा होने का निर्णय लिया गया है।**

जहां आप सभी भक्तगण समय का ध्यान रखते हुए पहुंचकर हनुमान चालीसा में सहभागी बने एवं पुण्य के भागी बने। उक्त आयोजन शहर के समस्त भक्तगण की ओर से है, सबका कल्याण हो सबका भला हो। दक्षिण मुखी हनुमान जी स्वामी की कृपा सब पर बनी रहे। एक दिन-एक समय-एक साथ श्री हनुमान चालीसा का पाठ करने से समस्त भक्तगणों की मनोकामना पूर्ण होगी। इसी आशा विश्वास के साथ जय श्री राम। इस दौरान मुख्य रूप से संत शत्रुहन दास महाराज, संत विष्णु दास महाराज, श्री गुरु बजरंग संघ के प्रांत प्रचारक धीरेन्द्र सिंह परिहार, एडवोकेट अरुण सिंह बघेल, प्रदेश मीडिया प्रभारी महेन्द्र श्रॉफ, सद्विप्र समाज के प्रदेश अध्यक्ष अंशुमान सिंह चौहान, दल बहादुर सिंह, श्री गुरु बजरंग संघ नगर अध्यक्ष रमेश गुप्ता, सत्य प्रसाद नामदेव, आकाश शर्मा, नमन गुप्ता सहित कई भक्तगण शामिल रहे।

# सांसद एवं विधायक पहुंचे सिद्धेश्वर शिव मंदिर, भंडारा आयोजित



नवभारत न्यूज

**सीधी 18 फरवरी। महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर इस वर्ष भी प्रेमनगर कॉलोनी सीधी स्थित सिद्धेश्वर शिव मंदिर में सत्यनारायण व्रत कथा, आरती एवं हवन के उपरांत संगीतमय श्री रामचरित मानस अखंड पाठ का आयोजन किया गया। सोमवार को मानस पाठ के पूर्णाहुति पर हवन, आरती के उपरांत भव्य भंडारा का आयोजन किया गया।**

मानस पाठ के दौरान सीधी-सिंगरौली सांसद डॉ.राजेश मिश्रा एवं सीधी विधायक श्रीमती रीती पाठक सिद्धेश्वर शिव मंदिर में पहुंचकर बाबा भोलेनाथ का दर्शन कर क्षेत्र में जनकल्याण के लिए आशीर्वाद मांगा। इस दौरान पत्रकार रामयश सिंह, एड.जितेंद्र कुमार सिंह, गोपाल सिंह, कृष्ण कुमार सिंह, अमर बहादुर सिंह, आदित्य सिंह, अमन सिंह, ओमकार इत्यादि के द्वारा आए हुए जन प्रतिनिधियो एवं श्रद्धालुओं का भव्य स्वागत किया गया। सिद्धेश्वर शिव मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालु पुरुष-महिलाएं शिवजी का जलाभिषेक कर पूजा-अर्चना करने में लग रही। अखंड मानस के पूर्णाहुति व आरती में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। पूर्णाहुति पर कलाकारों ने अपने लोकगीत एवं होली गीत की प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्र मुग्ध कर दिया। श्रीराम चरित अखंड मानस पाठ में सिंगरौली की टीम से विद्याधर द्विवेदी, बल्ली दुबे, विशेश्वर विश्वकर्मा, ठाकुर विश्वकर्मा, प्रेमसागर यादव, मोहनलाल वैश्य, अनिल विश्वकर्मा अर्जन, भोला नाई, मिस्टर विश्वकर्मा एवं सीधी की टीम से रघुवंश पटेल, समर बहादुर पटेल, राजेन्द्र तिवारी, ज्ञानेन्द्र सिंह कौशिक, मुद्रिका विश्वकर्मा, रामनरेश पटेल, राजेन्द्र तिवारी इत्यादि शामिल रहे। दोनो टीमे अपनी संगीतमय प्रस्तुति से सभी को भाव विभोर कर दिया।

उल्लेखनीय है कि स्वर्गीय ईश्वरधारी सिंह पुलिस विभाग में अपनी सेवाए देते हुए सन् 1980 में प्रेम नगर कालोनी सीधी स्थित अपने आवास के समीप शिव मंदिर की स्थापना कर विधि विधान से पूजा-अर्चना करते हुए हर वर्ष महाशिवरात्रि के अवसर पर अखंड मानस, कीर्तन व भंडारे का आयोजन भी कराते रहे। उनके देवलोक गमन के उपरांत परंपरा को कायम रखते हुए हर वर्ष महाशिवरात्रि के अवसर पर अखंड मानस कीर्तन एवं भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर नंदलाल सिंह, संतोष कुमार तिवारी, आर.बी.मिश्रा, छोटेलाल सोनी, महेश मोहिते, मनोज मोहिते, पवन मोहिते, नटवर मिश्रा, आरडी मिश्रा, गजेंद्र द्विवेदी, मनोज तिवारी, धीरज मिश्रा, सूचित तिवारी, जेपी वैश्य, संतोष वैश्य, संदीप केशरी, ज्ञान यादव, निलेश विश्वकर्मा, विवेक शुक्ला, रमेश शर्मा, मुन्ना सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु कार्यक्रम में शामिल हुए।

# ग्राहक पंचायत ने खरीद के अनैतिक दबाव के खिलाफ सौंपा ज्ञापन



नवभारत न्यूज

**सीधी 18 फरवरी। प्रदेश विद्यालयीन शिक्षा का नये शैक्षणिक सत्र प्रारंभ होने वाला है। जहां कुछ निजी विद्यालयों के द्वारा मनमानी फीस वसूली एवं पुस्तकों व यूनीफार्म हेतु निजी दुकानों से खरीद के अनैतिक दबाव अभिभावकों पर डाला जाता है। जिसके खिलाफ अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत महाकौशल प्रांत समय-समय पर विषय उठाता रहा है।**

इसी क्रम में महाकौशल प्रांत पदाधिकारी राघवेंद्र सिंह के साथ जिला कार्यकारिणी सीधी अध्यक्ष नीरज मिश्रा, उपाध्यक्ष प्रभु शरण एवं संगठन के पदाधिकारी के आह्वान पर जिला कार्यकारिणी द्वारा सीधी कलेक्टर कार्यालय में निजी विद्यालयों द्वारा मनमानी फीस वसूली एवं पुस्तकों व यूनीफार्म हेतु निजी दुकानों से खरीद के अनैतिक दबाव के खिलाफ 17 फरवरी मंगलवार को दोपहर 12 बजे एसडीएम गोपद बनास को ज्ञापन सौंपा गया एवं मुख्यमंत्री से विषय की गंभीरता को समझते हुए सख्त कार्यवाही करने की मांग की गई। इस दौरान अखिल ग्राहक पंचायत के सचिव विष्णु पनाड़िया, राकेश चतुर्वेदी, पुनीत कुमार त्रिपाठी, मुनीष शुक्ला, राम सिंह अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# एनडीआरएफ का गोपाल दास बांध में मॉक ड्रिल

**सीधी 18 फरवरी।** गोपाल दास डैम पर तैनात राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) की 11वीं वाहिनी वाराणसी द्वारा बाढ़ आपदा पर मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस दौरान बचाव दल की सतर्कता, त्वरित प्रतिक्रिया और मानव जीवन के प्रति प्रतिबद्धता का प्रभावी प्रदर्शन देखने को मिला। मॉक ड्रिल के तहत परिकल्पित स्थिति में एक सिविल बोट पर सवार 3-4 व्यक्ति बोटिंग के दौरान सेल्फी लेते समय असंतुलित होकर पानी में गिर गए और डूबने लगे।

# किड्स गणेश प्ले स्कूल में दांतों का नि :शुल्क चेकअप शिविर




नवभारत न्यूज

**सीधी 18 फरवरी। किड्स गणेश प्ले स्कूल पड़रा में आज बुधवार को प्रीत पॉली डेंटल केयर क्लीनिक के सहयोग से डेंटल केयर एण्ड चेकअप कैम्प का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान विद्यालय के बच्चों के दांतों एवं मुंह की स्वास्थ्य जांच की गई।**

दंत रोग विशेषज्ञ डॉ.विशाल वाधवानी ने बच्चों को दांतों के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि सुंदर मुस्कान तभी संभव है जब दांत साफ, स्वस्थ और मजबूत हों। उन्होंने दंत स्वच्छता, संतुलित खान-पान और रोजाना सुबह-शाम ब्रश करने की आदत पर विशेष जोर दिया। साथ ही बच्चों को दांतों को स्वस्थ रखने के लिए कई उपयोगी घरेलू उपाय भी बताए गए। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य डॉ.महेन्द्र कुमार तिवारी ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस प्रकार के ओरल हेल्थ कैम्प बच्चों के लिए अत्यंत लाभकारी होते हैं और इससे वे मुंह व दांतों से संबंधित बीमारियों के प्रति जागरूक बनते हैं। प्रीत पॉली डेंटल केयर क्लीनिक की असिस्टेंट रीतू पटेल ने भी नन्हे बच्चों को दंत रोगों से बचाव संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी। कार्यक्रम में एचएम माएमा सिमन्स, किड्स गणेश इंचार्ज कोमल बाधवानी, शालिनी श्रीवास्तव, साधना शर्मा, गगन सिंह, नाजिया बानो और प्रवीणा चौरसिया सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाओं तथा विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी रही। पूरे परिसर में जागरूकता, सीख और उत्साह का वातावरण दिखाई दिया।

इस तरह के स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम बच्चों के स्वस्थ और उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो रहे हैं।

# भगवार पहुंचकर हत्या पीड़ित परिवार से मिला कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल

## पूर्व नेता प्रतिपक्ष के निर्देश पर कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल पहुंचा भगवार, हत्या पीड़ित परिवार को न्याय के साथ आर्थिक सहायता दिलाए जाने की मांग की



नवभारत न्यूज

**कुसमी 18 फरवरी। सीधी जिले की धौहनी विधानसभा अंतर्गत ग्राम भगवार कुसमी निवासी अजीत द्विवेदी के पिता इंद्रभान द्विवेदी की निर्मम हत्या ने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया है। इस जघन्य घटना ने एक बार फिर प्रदेश की कानून व्यवस्था पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़ा कर दिया है।**

दिनदहाड़े हुई इस क्रूर वारदात के बाद भी जिम्मेदार तंत्र की सुस्त कार्यप्रणाली से आमजन में भारी आक्रोश व्याप्त है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है किन्तु प्रशासनिक सक्रियता अपेक्षित स्तर पर दिखाई नहीं दे रही है जो अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। मध्यप्रदेश विधानसभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं चुरहट विधायक अजय सिंह राहुल के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी सीधी के अध्यक्ष ज्ञान सिंह के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने ग्राम भगवार पहुंचकर दिवंगत इंद्रभान द्विवेदी के परिजनों से भेंट की और गहरी शोक संवेदना व्यक्त करते हुए उन्हें ढांढस बंधाया। प्रतिनिधिमंडल ने शोकाकुल परिवार को विश्वास दिलाया कि कांग्रेस पार्टी इस दुख की घड़ी में उनके साथ खड़ी है और न्याय दिलाने के लिए हर संभव प्रयास करेगी।

ज्ञान सिंह ने इस हत्या को कानून व्यवस्था की विफलता बताते हुए कहा कि यदि अपराधियों में कानून का भय होता तो ऐसी जघन्य घटना घटित न होती। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अपराधियों के हौसले बुलंद हैं और आम नागरिक असुरक्षित महसूस कर रहा है। यह स्थिति लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए अत्यंत चिंताजनक है।

प्रतिनिधिमंडल ने संबंधित एसडीएम से दूरभाष पर चर्चा कर परिजनों की मांग के अनुरूप शीघ्र कार्रवाई की आवश्यकता पर बल दिया। साथ ही परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान किए जाने तथा शासन स्तर पर हरसंभव मदद सुनिश्चित करने की मांग की गई। ज्ञान सिंह ने कहा कि एक परिवार ने अपना मुखिया खोया है जिसकी भरपाई संभव नहीं है परन्तु शासन की जिम्मेदारी है कि वह पीड़ित परिवार को न्याय और आर्थिक सहायता दोनों उपलब्ध कराए।

### प्रतिनिधि मंडल में इनकी रही उपस्थिति

कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल में आनंद सिंह शेरगांव, ज्ञानेन्द्र अग्निहोत्री, विमल जायसवाल, शेषमणि पनिका, लाला प्रसाद पनिका, सुनील गुप्ता एवं भोला सिंह शामिल रहे।